**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी बोले– देश का सरकारी अनाज भंडार छह सौ चार लाख टन से अधिक हुआ।
- राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है सोमनाथ, कहा– मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का पहला जत्था कल रवाना।
- आज प्रदेश के ग्वालियर समेत 21 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट।

**और**

- आई.पी.एल. में, लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को कल 9 रन से हराया। आज शाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**जोशी –अन्न भंडार**

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश का सरकारी अनाज भंडार छह सौ चार लाख टन से अधिक हो गया है। यह मात्रा बफर स्टॉक यानी अनिवार्यता के समय की आवश्यक मात्रा से लगभग तीन गुणा अधिक है। श्री जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गेंहू और चावल के सुरक्षित भंडार से देश में कल्याणकारी योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। भारी खरीद, अच्छी फसल और किसानों की पर्याप्त सहायता से खाद्य सुरक्षा, किसानों का हित और सुरक्षित भविष्य के प्रति देश की प्रतिबद्धता मजबूत हो रही है।

**मुख्यमंत्री–सोमनाथ**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल राजधानी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के पहले जत्थे के 1100 श्रद्धालुओं को ट्रेन से रवाना किया। यह जत्था आज सोमनाथ पहुंचेगा। जत्थे को रवाना करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा है कि सोमनाथ हमारी प्राचीन विरासत, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ साक्षी है कि सृजन शक्ति हमेशा विनाशकारी शक्ति से प्रभावी होती है।

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह गौरवशाली यात्रा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत निकाली जा रही है।

**भारत–वियतनाम–व्यापार मंच**

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने कहा है कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत और वियतनाम के पास वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुंबई में भारत–वियतनाम व्यापार मंच को संबोधित करते हुए श्री लाम ने कहा कि पहले भी दोनों देशों ने आपसी सहयोग में कई चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने भारतीय कंपनियों को वियतनाम में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वियतनाम के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के संबंध पूर्व वियतनामी राष्ट्रपति हो ची मिन्ह और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं की दूरदृष्टि पर आधारित हैं।

## ई–प्रवेश पंजीयन

प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया जारी है। उच्च शिक्षा विभाग के ई–प्रवेश पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराने की अंतिम तारीख 15 मई है। पंजीयन एक और 2 मई से शुरू हुआ था और कल तक विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में कुल 60 हजार से ज्यादा पंजीयन हो चुके हैं। प्रथम चरण की आवंटन सूची 20 मई को ई–प्रवेश पोर्टल पर जारी की जाएगी।

## सफाई कर्मी पीपीई किट

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल सफाई मित्रों को पीपीई किट प्रदान किए। पीपीई किट में रेनकोट, फुल बॉडी ड्रेस, हेलमेट, ग्लव्स, मास्क और रिफ्लेक्शन जैकेट शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रीमती लक्ष्मी बाई एवं काजल सटोरिया को आवंटन आदेश पत्र और मकान की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत दिनेश मौर्य को 50 हजार रूपए की ऋण राशि का चैक प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत सुश्री पूजा गिरी गोस्वामी को स्व–सहायता समूह के लिए 2 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि का चेक भी प्रदान किया।

## बाल आयोग

प्रदेश सरकार ने डॉक्टर निवेदिता शर्मा को मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कल अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार, डॉक्टर निवेदिता शर्मा का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक रहेगा।

## पश्चिम बंगाल–अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह आज कोलकाता पहुंच रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान पार्टी के विधायक दल के नेता का चयन किया जायेगा।

## मीडिया महाकुंभ

भोपाल स्थित भारत भवन में आज से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय मीडिया महाकुंभ शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने के जश्न में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में देशभर के 60 से ज्यादा जाने–माने पत्रकार, संपादक और विचारक शिरकत करेंगे।

**आकाशवाणी – वॉकेथॉन**

आकाशवाणी के 90 साल पूरे होने के जश्न में आज सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर भोपाल में एक खास वॉकेथॉन का आयोजन किया जा रहा है। श्यामला हिल्स स्थित आकाशवाणी भोपाल के दफ्तर से इस वॉकेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह आयोजन रेडियो की इस ऐतिहासिक यात्रा को सलाम करने का एक अनोखा तरीका है।

**मौसम**

प्रदेश में कुछ हिस्सों में कल आंधी और बारिश होने से तापमान में गिरावट आई और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, कल रीवा में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया, जबकि ग्वालियर, नौगांव, सीधी और सतना में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के ग्वालियर समेत 21 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 34 जिलों में गर्मी का असर बना रहेगा। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इसके आसपास बना रह सकता है।

**आई.पी.एल क्रिकेट**

आई.पी.एल. क्रिकेट में, लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को कल 9 रन से हरा दिया। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बारिश से बाधित इस मुकाबले में दो सौ 13 रनों के लक्ष्य के जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित 19 ओवर में 6 विकेट पर दो सौ तीन रन ही बना सकी। आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- शिवपुरी में कल विश्व एथलेटिक्स दिवस के अवसर पर माधवराव सिंधिया जिला खेल स्टेडियम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।
- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल सुरक्षा सुधार कार्य किए जाएं।
- सतना में जिला पशु कल्याण समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार ने गौशालाओं की विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- आगरमालवा में जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत मकानों की गणना एवं स्व–गणना कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच प्रगणकों को एसडीएम द्वारा सम्मानित किया गया।
- झाबुआ में आज सांसद अनिता चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति यानी दिशा की बैठक आयोजित की जाएगी।
- मंडला जिले के आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की कल संभागायुक्त धनंजय सिंह द्वारा समीक्षा की गई।
- शाजापुर जिले और शुजालपुर तहसील में कल नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी।
- धार में वन विभाग द्वारा कर्मचारियों की कार्यक्षमता वृद्धि के लिए प्रदेश की पहली एआई ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

————————————